## एक नजर में

### ग्राम कोल्हुखेड़ी से 53 लीटर शराब जब्त

**भोपाल.** आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर इंदौर-भोपाल रोड स्थित ग्राम कोल्हुखेड़ी में आरोपी लोकेंद्र सिंह के स्कूटर से 53.28 लीटर अवैध देशी और विदेशी शराब जब्त की. दो पहिया वाहन कब्जे में लेकर प्रकरण जांच में लिया गया. आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया. उक्त कार्यवाही प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार देवांगन द्वारा की गई. कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रीति शैलेन्द्र, विवेक सक्सेना एवं आबकारी अमला मौजूद रहा.

### करोंद फल सब्जी मंडी में की जांच

**भोपाल.** जिला खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने मंगलवार को मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर अभियान चलाया. दल ने करोंद फल-सब्जी मंडी की एक दर्जन से अधिक दुकानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान फलों को केमिकल से पकाने वाले संदिग्ध रसायनों, आम, तरबूज और खरबूज के सर्विलांस एवं जांच नमूने लिए गए. फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए उपयोग में लाया जा रहा यलो रिपे जब्त किया गया. इसके साथ ही विभाग की टीम द्वारा लालघाटी स्थित दांगी फल सब्जी विक्रेता की दुकान से भी तरबूज, खरबूज और आम के संदिग्ध लॉट की जांच की गई और गुणवत्ता परखने के लिए आवश्यक नमूने लिए गए.

# जनसुनवाई की हकीकत : अधिकारी एसी में, जनता लू के थपेड़ों में

## आवेदकों को पानी के लिए तरसना पड़ा



विजय शर्मा

**भोपाल, 19 मई. कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई में 207 आवेदक पहुंचे. इस दौरान जनसुनवाई में जहां प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर सभाकक्ष में एसी में सुनवाई करते रहे वहीं जनता को पीने का पानी भी नसीब नहीं हुआ.**

सभाकक्ष के बाहर गली में लगे वॉटर कूलर से गर्म पानी निकल रहा था, जो पीने लायक नहीं था. ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी में प्यासे ही जनसुनवाई में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा. वहीं सभाकक्ष के बाहर गली में न तो पंखा है और न कूलर लगाया है. जबकि वहां पर बैठने के लिए कुर्सियां लगी हुई हैं. जनसुनवाई के अलावा भी प्रतिदिन पहुंचने वाली जनता को गर्मी और लू के बीच ही वहां पर अपने कार्य के लिए इंतजार करना पड़ता है. कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम प्रशासन के अन्य अधिकारी कलेक्ट्रेट के सभागार में जनसुनवाई करते रहे. दोपहर करीब 2 बजे एडीएम अंकुर मेश्राम सभाकक्ष से जनसुनवाई के बाद बाहर निकले तो लोगों ने उन्हें पीने का ठंडा पानी नहीं होने और पंखे नहीं लगे होने से गर्मी में परेशान होने की पीड़ा बताई. इस पर एडीएम मेश्राम ने संबंधित अधिकारी से बात करके समस्या का निराकरण कराने का आश्वासन दिया.

### पति के दो हथियारों को जमा कराने की लगाई गुहार

शिवानी नगर निवासी शिखा चौहान ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि पति महेंद्र सिंह चौहान के पास दो हथियार हैं. मेरा एक बेटा है. पति मेरे साथ मारपीट करते हैं. जान से मारने की धमकी देते हैं. विवाद के कारण हबीबगंज थाने में पति के खिलाफ सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराई है. पति बहुत गुस्सैल हैं. शराब के नशे में बंदूक से मारने की धमकी भी दे चुके हैं. इसलिए दोनों बंदूक जमा कराने का आदेश दें. इस पर कलेक्टर ने एसीपी हबीबगंज कार्रवाई के लिए निर्देशित किया.

> **खनिज इंस्पेक्टर करा रही अवैध उत्खनन**
>
> नीलबड़ निवासी आजाद खां ने आरोप लगाया है कि खनिज इंस्पेक्टर पूजा वानखेड़े मुरारी शर्मा से पैसे लेकर अवैध उत्खनन करा रही हैं. नीलबड़ क्षेत्र में लगे रसूलिया पठार में कई दिनों से अवैध उत्खनन किया जा रहा है. बड़ी संख्या में रहवासियों ने आकर कलेक्टर से शिकायत कि है कि खजूरी राताताल में ग्राम पंचायत के सरपंच की मिलीभगत से खेती की जमीन पर खदान माफिया को दे दी गई है. जनसुनवाई में हेमलता जैन सहित अन्य लोगों ने शिकायत की है कि रातीबड़ क्षेत्र में जमीन ली थी.

जनसुनवाई में बड़ी संख्या में खजूरी कलां के किसान पहुंचे. उन्होंने कलेक्टर व एडीएम से शिकायती आवेदन देकर कहा है कि खजूरी कलां हल्का नंबर-100 एमपी नगर वृत के पटवारी किशन सिंह जादौन ग्राम पंचायत व पंचायत भवन में बैठने की बजाय निजी प्रॉपर्टी डीलर श्रीराम रियल एसोसिएट्स कार्यालय में बैठकर लोगों के काम करते हैं. इससे किसानों के काम प्रभावित हो रहे हैं. किसानों के खसरा, खतौनी, नामांकन, सीमांकन के

# आदेश का उल्लंघन करने वाले 9 आरोपी गिरफ्तार

## जिलाबदर आदेश का किया था उल्लंघन

**▸ क्राइम ब्रांच ने शहरभर में की कार्रवाई**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 19 मई. जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने वाले 9 आरोपियों पर क्राइम ब्रांच पुलिस ने कार्रवाई की. शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित थानों को क्राइम ब्रांच ने सौंपा.**

शहर में असामाजिक तत्वों और आदतन अपराधियों पर क्राइम ब्रांच की निगरानी बनी है. कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा. फरारी काट रहे या छिपकर रह रहे आरोपियों को टीमों ने खोजा और उन्हें जेल तक पहुंचाया.

क्राइम ब्रांच पुलिस के मुताबिक अभियान के तहत ऐसे अपराधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है, जिनके विरुद्ध पूर्व में गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर जिला दंडाधिकारी ने जिला बदर की कार्रवाई की है. इसके बावजूद कुछ आरोपी जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर पुनः भोपाल जिले की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज उर्फ टुक्की, इरफान उर्फ तोता, दानिश खान, शनि उर्फ अंकिता, शाहरूख खान उर्फ अक्कू, सुमित करोसिया, राजू उर्फ बसंत, बिलाल और आशीष खेरदे उर्फ आशीष बलाई निवासी शाहपुरा के रुप में की गई. तकनीकी जानकारी के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीमों ने लगातार निगरानी, मुखबिर तंत्र सक्रिय कर एवं अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों की धरपकड़ की कार्रवाई की. इसी क्रम में क्राइम ब्रांच भोपाल की विभिन्न टीमों द्वारा शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने वाले कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया.

> **▸ आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई**
>
> गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर संबंधित थानों को सुपुर्द किया गया. कार्रवाई के दौरान थाना स्टेशन बजरिया, एम.पी. नगर, कोहेफिजा, श्यामला हिल्स, शाहपुरा और हबीबगंज क्षेत्र में विशेष सर्चिंग एवं निगरानी अभियान चलाया गया. क्राइम ब्रांच की टीमों ने आरोपियों के संभावित ठिकानों, परिचितों एवं आवागमन स्थलों पर लगातार निगरानी रखी.

# ट्विशा की शॉर्ट पोस्टमॉर्टम में दिखी चोट

## शरीर पर चोटों के निशान होने की बात

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 19 मई. कटारा हिल्स इलाके में महिला ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में शॉर्ट पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद भी कहानी उलझी है. एम्स भोपाल की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में हुए खुलासे में ट्विशा के शरीर पर कई चोटों के निशान होना बताया गया है.**

अब इस रिपोर्ट पर ट्विशा की सास गिरिबाला ने सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने रिपोर्ट में चोट के निशान शरीर के किस हिस्से में है, इसका विवरण नहीं होने की बात कही है. ट्विशा की मौत को लेकर एक बेल्ट को भी जांच के लिए



पुलिस ने भेजा है. ट्विशा के मायके पक्ष के लोग पहले से ही हत्या की आशंका जता रहे हैं. ट्विशा के पिता सहित परिजन ने स्थानीय प्रशासन से प्रदेश से बाहर की एजेंसी से मामले की जांच की मांग की है.

इसके साथ ही शव के पीएम के लिए दिल्ली एम्स में कराने की बात पहले से ही कही है. 12 मई को ट्विशा की मौत के बाद भी परिजनों ने अभी तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया है.

> इधर ट्विशा के वकील पति समर्थ सिंह की जमानत याचिका भी कोर्ट ने खारिज कर दी है. समर्थ अभी फरार चल रहा है. उस पर पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है. ट्विशा के मौत से पहले सामने आए उनके घर के एक वीडियो और सहेली से हुई वॉट्सएप चैट को लेकर भी पुलिस जांच कर रही है. ट्विशा के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर उसकी जेठानी को भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है.



# कलेक्टर का नहीं आया आदेश

## 2 बार मिल चुके हैं अर्जुन नगर के रहवासी

**▸ मेट्रो प्रोजेक्ट का देर रात काम शुरू**

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 19 मई. अयोध्या बायपास चौड़ीकरण के आड़े आ रही अर्जुन नगर बस्ती को हटाए हुए लगभग 12 दिन हो गए हैं उनके विस्थापन को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है.**

अपनी समस्या को लेकर दो बार बस्ती वाले कलेक्टर से मिल चुके हैं लेकिन अभी तक किसी भी तरह की राहत नहीं मिली है. ऐसे में सभी झुग्गी के रहवासी सड़क किनारे ही रह रहे हैं. वहीं अब मेट्रो रेल का काम शुरू हो गया है. जिससे इनकी समस्या और बढ़ गई है. प्रशासन के बताए स्थान लालपुरा गांव में अर्जुन नगर के 38 परिवार जाने को तैयार नहीं है. वहीं प्रशासन उन्हें वहां शिफ्ट कर चुका है. बुनियादीं सुविधाएं नहीं होने और 25-30 किलोमीटर दूर होने से रहवासी वहां जाना नहीं चाह रहे हैं. लोगों ने अर्जुन नगर बस्ती के सड़क किनारे जीवन-यापन करने को मजबूर हैं. रहवासियों की शिकायत है कि कलेक्टर,मंत्री, एसडीएम, तहसीलदार को अपनी पीड़ा बताने के बाद भी झुग्गियां बनाने के लिए जगह नहीं दी जा रही है.

> समाजसेविका आरती शर्मा ने बताया कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से दो बार मिल लिए, उन्होंने कहा था कि एसडीएम का आदेश सोमवार को नहीं आया. मंगलवार को भी आदेश का इंतजार करते रहे. अब न मंत्री कृष्णा गौर सुन रही हैं और न ही कलेक्टर,एसडीएम लोगों की परेशानी समझ रहे हैं. सोमवार देर रात अयोध्या बायपास सड़क किनारे मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत काम शुरू कर दिया. जिसके चलते बुलडोजर से खुदाई की गई. इससे प्रशासन की ओर से तोड़े गए एक घर के पास सो रही बच्ची डर गई. गिरने से उसके माथे पर चोट आ गई. तहसीलदार सौरभ वर्मा का कहना है कि लालपुरा के अलावा अभी कहीं दूसरी जगह नहीं है.

### नदियों के संरक्षण में समाज की भागीदारी आवश्यक : नागर

**भोपाल.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल चौपाल, नदी पूजन, श्रमदान एवं जल मंदिर की स्थापना का कार्यक्रम तरावली माता मंदिर पर आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री), पद्मश्री मोहन नागर ने जल चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि जल है तो कल है. हर व्यक्ति को अपनी दैनिक दिनचर्या में जल बचाने का संकल्प लेना होगा. उन्होंने सामुदायिक सहभागिता से जल स्रोतों को बचाने पर जोर दिया.

# अब डिग्री, दस्तावेजों के लिए नहीं भटकना

**▸ उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 19 मई युवाओं को अपनी डिग्री या अन्य दस्तावेजों के लिये भटकना न पड़े. इसके लिये उच्च शिक्षा विभाग ने एनएडी डिजिलॉकर पोर्टल पर जानकारी करने का निर्देश जारी कर दिया है.**

जिसके बाद अब सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के साथ ही स्वाशासी महाविद्यालयों को विद्यार्थियों की अंकसूची और उपाधि संबंधी पूरी जानकारी तय समय सीमा में एनएडी डिजिलॉकर पोर्टल पर अपलोड करनी होगी. शासन ने स्पष्ट किया है कि साल 2025 में आयोजित सभी परीक्षाओं का क्रेडिट डाटा, अंकसूची और उपाधि की जानकारी आगामी 30 जून तक हर हाल में पोर्टल पर अपलोड हो जानी चाहिए.

इसके साथ ही पेंडिंग रिजल्ट्स को लेकर भी विभाग ने सख्त रुख अपनाया है. जिसमें 2025 की जिन परीक्षाओं के परिणाम अभी तक घोषित नहीं हो पाए हैं उन्हें जल्द से जल्द जारी कर 15 जून तक सारा डाटा तैयार करने के आदेश दिए गए हैं, ताकि समय पर उसे अपलोड किया जा सके. वहीं विद्यार्थियों की सहूलियत को देखते हुए विभाग ने कुछ तकनीकी और प्रशासनिक बदलाव भी किए हैं, नए निर्देश के अनुसार अब विद्यार्थियों की प्रोविजनल उपाधि को डिजिलॉकर पर अपलोड नहीं किया जाएगा.

> जबकि अंकसूची और क्रेडिट डाटा अपलोड करते समय संबंधित पाठ्यक्रम का एनसीआरएफ लेवल भी स्पष्ट रूप से दर्ज करना अनिवार्य होगा. वहीं संबद्धता प्रदान करने वाले विश्वविद्यालयों को यह भी सुनिश्चित करना होगा, कि उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले स्वाशासी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का डाटा भी रिजल्ट घोषित होते ही तुरंत पोर्टल पर उपलब्ध हो.



# मादक पदार्थ तस्कर धराया क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 19 मई. क्राइम ब्रांच पुलिस ने गोविंदपुरा क्षेत्र में 21 किलो से अधिक अवैध मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया.**

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से डेढ़ लाख रुपए का मादक पदार्थ और एक मोबाइल फोन जब्त किया. पुलिस आरोपी से नशे के नेटवर्क की जानकारी जुटाई रही है.

थाना प्रभारी थाना क्राइम ब्रांच अशोक मरावी के मुताबिक सूचना मिली थी कि गोविंदपुरा क्षेत्र स्थित आरआरएल ब्रिज के किनारे बंद दुकानों के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में बैठा है. उसके पास रखे बैगों में अवैध मादक पदार्थ रखा है.



**वाहन चेकिंग अभियान**

**भोपाल.** सीएम हाउस के पास पुलिस ने मंगलवार को देर शाम वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले दो और चार पहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई.

### राजस्थान के व्यक्ति की मौत

**भोपाल.** मंगलवारा थाना इलाके में संचालित एक होटल में राजस्थान के रहने वाले व्यक्ति को बेहोशी की हालत में पाया गया. उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मामले की जांच कर रहे प्रधान आरक्षक चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि युवक की पहचान पदमलाल नाम के व्यक्ति के रुप में हुई है. पदमलाल की उम्र करीब 43 साल थी. वह राजस्थान के पाली जिले का रहने वाला था और भोपाल में उसका अक्सर आना-जाना बना होता था. इलाके में संचालित एक होटल में वह हमेशा आकर रुकता था.

# गुनगा और नजीराबाद थाने पहुंचे एसपी

## पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 19 मई. देहात पुलिस अधीक्षक ने गुनगा और नजीराबाद थाने का औचक निरीक्षण किया. इस मौके पर उन्होंने कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं ऑनलाइन साइबर फ्रॉड पर सतर्कता के निर्देश पुलिसकर्मियों को दिए.**

पुलिस अधीक्षक भोपाल (देहात) पंकज कुमार पाण्डेय ने ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण किया. वह अचानक से गुनगा और नजीराबाद थाने पहुंच और निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान दोनों थानों के पुलिस स्टाफ से परिचय प्राप्त कर थाना स्तर पर संचालित कार्यों, अपराध नियंत्रण संबंधी गतिविधियों एवं कानून व्यवस्था



की स्थिति की उन्होंने जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर, अभिलेखों, लंबित प्रकरणों, मालखाना, रोजनामचा एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों का अवलोकन किया. साथ ही रात्रि गश्त, फरार आरोपियों की धरपकड़, वारंट तामीली एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. पुलिस अधीक्षक पाण्डेय ने थाना स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील एवं जनसेवा की भावना से कार्य करते हुए शिकायतों पर त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया.

**अव्यवस्थाएं ▸ नगर निगम का क्नीनिक में एक साल से डॉक्टर का पद है खाली**

# न डॉक्टर, न दवाई और न ही बेड पर हैं गद्दे



नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 19 मई. नगर निगम के नए मुख्यालय में भूतल पर कर्मचारियों के उपचार हेतु क्लिनिक भी शुरू हो गया हैं लेकिन व्यवस्थाएं आधी-अधूरी हैं. एक साल से डॉक्टर नहीं है.**

नगर निगम द्वारा कई वर्षों से निगम कर्मचारियों और उनके परिजनों के उपचार के लिए स्वयं का क्लीनिक का संचालन किया जाता है. क्लीनिक में बैठे एक कर्मचारी ने बताया कि डॉक्टर का पद एक वर्ष से खाली है. एक वर्ष पहले यहां पर महिला डॉक्टर नायर थीं, जिनको अब कहीं और पदस्थ कर दिया गया है. उसके बाद से क्लीनिक में डॉक्टर का पद खाली है. क्लिनिक के संचालन को भी लगभग एक सप्ताह से अधिक हो गया. इसमें दो पलंग रखे गये हैं. पलंग न गद्दे हैं न चादर तकिया. कर्मचारी से दवाईयों को लेकर भी बात की गई तो उसने बताया कि यहां अभी कोई व्यवस्था नहीं है.

> **इनका कहना है...**
>
> हम प्रयास करेंगे डॉक्टर को बिठा सके. पुराने शहर में क्लीनिक था वहां पर कोई भी कर्मचारी उपचार कराने नहीं जाता था,इसलिए डॉक्टर की नियुक्ति नहीं की गई थी. अब सब व्यवस्था की जाएंगी.
>
> **मालती राय,**
> महापौर, नगर निगम भोपाल

### नाबालिग के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**भोपाल.** निशातपुरा थाने में एक नाबालिग लड़की ने सोशल मीडिया पर बने दोस्त के खिलाफ बैल्कमेल करने और उसके साथ शारीरिक शोषण करने का केस दर्ज कराया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. 16 वर्षीय नाबालिग स्कूली छात्रा है. उसकी दोस्ती कुछ महीने पहले सोशल मीडिया पर आदि नामक के युवक से हुई. दोनों के बीच फोन पर चैटिंग होने लगी. नाबालिग को जनवरी में आदि उसे घुमाने के बहाने निशातपुरा स्थित एक होटल लेकर कर गया, जहां उसने डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. आरोपी ने इस दौरान लड़की के अश्लील फोटो और वीडियो भी मोबाइल में सुरक्षित कर लिया.

# पुलिस ने 5 साल के मासूम को मां से मिलाया

**▸ खेलते-खेलते घर से दूर चला गया था लड़का**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 19 मई. अयोध्या नगर इलाके में एक 5 साल का बच्चा खेलते-खेलते अपने घर से दूर चला गया. मासूम बच्चा इस दौरान अपने घर का रास्ता भी भूल गया. डायल-112 के पुलिसकर्मियों ने सराहनीय काम करते हुए मशक्कत के बाद बच्चे को उसकी मां से मिलाया.**

पुलिस के मुताबिक अयोध्या नगर क्षेत्र में इसरो एन सेक्टर में



दुर्गा मंदिर के पास एक 5 वर्षीय बच्चा मिला है, जो अपने घर का रास्ता भटक गया. इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 को सोमवार को देर शाम दी गई. सूचना पर तत्काल थाना अयोध्या नगर में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया.